हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, सोमवार 8 जनवरी 2024

12 कोरियावास मेडिकल कॉलेज से नहरी पंप हाउस तक दबेगी पाइप लाइन



12 मांगों को लेकर बिजली अनुबंधित कर्मचारियों ने की नारेबाजी





## खबर संक्षेप



सतनाली मंडी। बोरवैल के पास रोष प्रकट करते पेयजल समस्या से परेशान लोग। फोटो : हरिभूमि

### बोरवेल खराब, पेयजल को भटके, जताया रोष

**सतनाली मंडी।** कस्बे के कोटड़ी चौक में जनस्वास्थ्य विभाग के बोरवैल में खराबी से संबंधित घरों के लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। पेयजल समस्या से परेशान लोगों ने रविवार को बोरवैल के पास खड़े होकर विभाग के खिलाफ जमकर रोष प्रकट किया। इस अवसी पर सरपंच प्रतिनिधि धर्मबीर सिंह, कंवरसैन नंबरदार, भंवर सिंह, कृष्ण सिंह, भोमल सिंह, मोतीलाल, सतबीर, मूलचंद, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

### किसान ठंड में एनएच 152-डी पर धरने पर बैठे

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच कट दिए जाने की मांग को लेकर लिए 301वें दिन भी धरना जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता नंबरदार नाथूराम बाघोत ने की। उन्होंने बताया कि बुजुर्ग किसानों पर ठंड का बुरा असर पड़ रहा है, आग के पास बैठने से भी ठंड दूर नहीं हो रही है। किसानों ने कट के लिए प्रतिज्ञा ले रखी है कि जब तक केंद्र सरकार कट का काम शुरू नहीं करती है, तब तक धरना स्थल को नहीं छोड़ेंगे।

जन संवाद संकल्प यात्रा रविवार को कई गांवों में पहुंची

# विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा से मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

गांव राजपुरा में अटेली विधायक सीताराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा रविवार को सतनाली खंड के गांव ढाणा व सुरेहती मोडियान, अटेली खंड के राजपुरा व नीरपुर, निजामपुर खंड के धानौता व मारोली तथा सिहमा खंड के रामपुरा व हुडिना गांव में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव राजपुरा में अटेली विधायक सीताराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं ढाणा में जिला पार्षद वचनाई नाथ व सुरेहती मोडियान में एसईपीओ प्रवीन कुमार, नीरपुर में समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य सुरेश शर्मा, धानौता व मारोली में पंचायत समिति चेयरमैन बलराज, रामपुरा में बीडीपीओ नवदीप व हुडिना में सुनील एसईपीओ ने विकसित भारत की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर अटेली विधायक सीताराम यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से घर बैठे ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हरियाणा प्रदेश दिन प्रतिदिन उन्नति की ओर अग्रसर है। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा गरीब, किसान व मजदूरों के आर्थिक उत्थान के लिए चलाई गई है। अब तक जो नागरिक सरकार की सेवाओं व योजनाओं से वंचित रह गए थे उनके लिए सरकार ने यह बहुत अच्छा अवसर उपलब्ध करवाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार जनकल्याण की दिशा में अच्छा कार्य कर रही हैं।



नारनौल। प्रदर्शनी का अवलोकन करते अटेली विधायक सीताराम यादव।

### आज इन गांवों में जाएगी संकल्प यात्रा

*आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा आठ जनवरी को सतनाली खंड के गांव ढाढोत व माधौगढ़, अटेली खंड के चंदपुरा व धनौंदा, नांगल चौधरी खंड के गांव भुंगारका, निजामपुर खंड के रावता की ढाणी व बायल तथा सिहमा खंड के आजमनगर गांव में जाएगी। प्रशासन ने इन गांव में सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली है, ताकि लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजना व सेवाएं लेने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।*



## ढाणा व सुरहेती मोडियाना पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**सतनाली मंडी।** आगामी 26 जनवरी तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को सतनाली खंड के गांव ढाणा व सुरहेती मोडियान पहुंची। इस अवसर पर गांव ढाणा में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य वचनाई नाथ मौजूद रहे।

गांव सुरहेती मोडियाना में एसईपीओ प्रवीन कुमार ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सरकार का उद्देश्य है उस व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है जो सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया था। कार्यक्रम में कृषि विभाग से अतरसिंह ने मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में किसानों को ड्रोन का प्रशिक्षण करके दिखाया। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया का छिड़काव करना न केवल आसान है, बल्कि यह किसानों के लिए आर्थिक तौर पर भी फायदेमंद है। ड्रोन के जरिए केवल सात मिनट में एक एकड़ में छिड़काव किया जा सकता है। जिला समाज कल्याण विभाग से सहायक हनुमान ने मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में गांव ढाणा की पिंकी की दिव्यांग पेंशन व गांव सुरहेती मोडियान के गुलाब सिंह, इंद्राज की बुढ़ापा पेंशन बनाकर दी।



महेंद्रगढ़। नेत्र रोगियों की जांच करते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

## नेत्र जांच शिविर में १२५ रोगियों की जांच, २३ ऑपरेशन के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यादव सभा एवं राहत ग्रुप के तत्वाधान में स्थानीय यादव धर्मशाला में 161वें नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि निःशुल्क नेत्र जांच शिविर राहत ग्रुप प्रधान डॉ. प्रेमराज यादव की अध्यक्षता में लगाया गया। शिविर में मुख्यातिथि होंडा एजेंसी के मालिक रविंद्र कुमार एवं उनके पुत्र हेमंत कुमार वासी रिवासा थे। जिन्होंने अपने पिता स्वर्गीय सूबेदार अमर सिंह कि पुण्यतिथि पर नेत्र जांच शिविर का संपूर्ण खर्च वहन किया। मुख्यातिथि का राहत ग्रुप एवं यादव सभा की कार्यकारिणी ने पगड़ी व फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। प्रधान डॉ. प्रेमराज यादव ने समस्त कार्यकारिणी की तरफ से उनका आभार व्यक्त किया। यादव सभा प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव ने दानवीर रविंद्र कुमार एवं उनके पुत्र हेमंत कुमार को इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद किया। नेत्र जांच शिविर हवन के साथ प्रारंभ हुआ। डॉ. जितेंद्र यादव व उनकी टीम के डॉ. आरपी गिरि एवं डॉ. रामपाल यादव ने रोगियों की नेत्र जांच की तथा डॉ. प्रकाश वीर आर्य ने बीपी और शुगर चेक किया। 125 रोगियों के नेत्र जांच की और 23 को ऑपरेशन के लिए चुना।

### ब्राह्मण सभा देगी 1100 दीपों का योगदान



*महेंद्रगढ़। शहर के चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में 22 जनवरी को मातृशक्ति द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें नगर की सभी संस्थाएं सहयोगी के रूप में आगे जाकर मातृशक्ति का लगातार उत्साह वर्धन कर रही है। इस कड़ी में रविवार को ब्राह्मण सभा ने निर्णय लिया कि सभा की तरफ से 1100 दीप जलाकर मातृशक्ति का सहयोग किया जाएगा। ब्राह्मण सभा अध्यक्ष दिनेश चंद्र वैध, विश्वनाथ मिश्रा, विजय भारद्वाज, सुरेश शर्मा, इंद्रलाल, दीनदयाल शर्मा, मनोज गौतम, सज्जन कुमार, जितेंद्र शर्मा, सत्येंद्र आदि ने सभा में आयोजित बैठक में कहा कि यह कार्य बहुत ही उत्साह जनक कार्य है और राम के प्रति मातृशक्ति का समर्पण अपने आप में एक अनोखा उदाहरण पेश कर रहा है।*

## बिहाली में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एनएनएस शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहाली में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत साप्ताहिक एनएनएस शिविर का रविवार को समापन हो गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार चौहान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार ने की तथा कार्यक्रम अधिकारी रघुवीर सिंह ने सात दिवसीय विशेष शिविर के कार्य की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार चौहान कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। हमें हमेशा सेवा करते रहना चाहिए और दूसरे की भलाई में हमें आनंद अनुभव होता है। हमें हमेशा सच बोलना चाहिए और हमारे व्यवहार से ही मालूम होता है कि हम किस कुल से संबंध रखते हैं। हमें अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए।



मंडी अटेली। एनएनएस शिविर के समापन पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार चौहान का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। मासिक यज्ञ में भाग लेते हुडा सेक्टर के गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

### हुडा सेक्टर के चंद्रशेखर पार्क में मासिक यज्ञ आयोजित

*नारनौल। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर एक स्थित चंद्र शेखर पार्क में आर्य समाज हुडा के आर्य बंधुओं ने मासिक यज्ञ का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डॉ. आरएन यादव ने की। जिसके ब्रह्मा वेद प्रचारक कैप्टन जगराम आर्य थे। यजमान सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक जसंवत सिंह युगल दंपति रहे। कैप्टन जगराम ने संध्या एवं यज्ञोपवीत के महत्व पर प्रकाश डाला। पूर्व प्राचार्य डॉ. सुमेर सिंह यादव ने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला। पूर्व प्राचार्य जेपी कौशिक ने शहीद चंद्र शेखर के जीवन की महत्वपूर्ण बातें बताई तथा देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं का पाठन किया। डॉ. राजपाल ने चंद्रशेखर की जीवन पर जोशिली कविता सुनाई। अन्य कई साथियों भजन व मातृशक्ति ने भी भजन गाकर सबको भाव विभोर किया।*

## शोभा सागर तालाब यूरेका स्कूल के सामने से निकाली गई प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रभातफेरी संगठन द्वारा नववर्ष की प्रथम प्रभातफेरी महात्मा ज्योतिबा फुले नगर बहरोड रोड स्थित शोभा सागर तालाब नजदीक यूरेका स्कूल के सामने से 60वीं प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के मुख्य यजमान ओमप्रकाश नागर, मास्टर सुरेश कुमार एवं रविंद्र फौजी परिवार था। सर्वप्रथम ठाकुर की पूजा-अर्चना करवा कर प्रभातफेरी का शुभारंभ किया गया। प्रभातफेरी संगठन के संयोजक घनश्याम गर्ग के नेतृत्व में आयोजित यह प्रभातफेरी यूरेका पब्लिक स्कूल, शोभा सागर तालाब, बहरोड चौक, मालीटिबा से होते हुए मुख्य यजमान ओमप्रकाश नागर के निवास पर जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर संगठन के प्रवक्ता नवीन जैन ने बताया कि प्रभातफेरी के दौरान राधे-रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा व अनेक स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर प्रभातफेरी का स्वागत किया।



नारनौल। प्रभातफेरी के दौरान उल्लास के साथ नाचती-गाती महिलाएं व पुरुष। फोटो : हरिभूमि

## समान विचारधारा के साथियों के साथ मिलकर बनाएंगे सामाजिक संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पिछले कुछ समय से राजनीति में अलग-अलग पार्टियों के साथ काम करने का मौका मिला और देखा कि देश में कोई भी राजनीतिक दल किसी व्यक्ति को स्वयं की स्वतंत्र विचारधारा के साथ कार्य नहीं करने देते हैं। अपने कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी करके नेता अपना उल्लू सीधा करते हैं। इस परिपाटी को आम आदमी पार्टी के नेता एवं अधिवक्ता कुलदीप भरगढ़ बदलना चाहते हैं। इसी कसमकस में वह नया खुद की विचारधारा का अच्छे लोगों का संगठन खड़ा करना चाहते हैं। इसी चाहत को पूरा करने की कोशिश में वह आजकल लगे हुए हैं। एडवोकेट कुलदीप भरगढ़ ने बताया कि वह फिलहाल आम आदमी पार्टी में बने हुए हैं, लेकिन इस पार्टी की बहुत ही नीतियां अच्छी लगती हैं तो कहीं कुछ खामियां भी नजर आती हैं। इन्हीं खामी भरी नीतियों को उनका मन स्वीकार नहीं कर रहा और कचोटता रहता है। इसी के चलते वह इस परिपाटी को बदलने की पहल करने में लगे हुए हैं। उनका मानना है कि स्वतंत्र विचारधारा के साथ पक्ष और विपक्षः से ऊपर उठकर नए वर्ष में समान नई विचारधारा के युवा और क्रांतिकारियों साथी चाहें किसी दल में हो, के साथ नया संगठन जिला महेंद्रगढ़ में खड़ा किया जाए, जिससे सभी क्रांतिकारी साथी जो अलग-अलग दलों में रहकर अपनी आवाज को पूर्ण रूप से पार्टी प्रोटोकॉल के चलते चाहकर भी नहीं उठा पाते हैं, इनसे ऊपर उठकर गलत के विरुद्ध आवाज बुलंद कर सकें और मजबूर और जरूरतमंद के साथ खड़े हो सकें।

## युवा शक्ति देश का भविष्यः राव बहादुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के तत्वावधान में चल रहे सलीमाबाद क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन रविवार को किया गया। समापन अवसर पर विद्यालय के स्वयंसेवकों ने अपने मुख्य लक्ष्य 'युवा शक्ति एवं स्वच्छ भारत मिशन' पर बल दिया। मुख्यातिथि पूर्व विधायक एवं यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों के निःस्वार्थ कार्यों की प्रशंसा की तथा कहा कि युवा शक्ति देश का भविष्य होता है। अतः नवयुवकों को चाहिए कि वे पुनीत कार्य कर देश को उन्नति के पथ पर ले जाएं।

निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि इस प्रकार के कैंप विद्यार्थियों के जीवन को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। कैंप का मुख्य उद्देश्य स्वयं सेवकों में नैतिकता, सेवा व समर्पण का भाव भरना है। कार्यक्रम अधिकारी हरिप्रकाश ने बताया कि सात दिवसीय कैंप के दौरान स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कोविड़ से बचाव, प्रदूषण, डिजिटल इंडिया, युवा शक्ति एवं सामाजिक बुराइयों को दूर करने का लक्ष्य रहा। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, को-आर्डिनेटर अनु, सीनियर सेकेंडरी हैड अरविंद्र यादव, सुंदर सुहाग सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। स्वयं-सेवकों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## नपा अध्यक्ष ने किया सुधा यादव का स्वागत

- अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को देश में दिवाली जैसा माहौल बन रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

भारतीय जनता पार्टी के हाथों में देश पूरी तरह सुरक्षित है। आतंकवाद से लड़ाई लड़ने के लिए सेना के जवानों को अति आधुनिक हथियार व उपकरण उपलब्ध करवाए गए है। उक्त विचार भाजपा की केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य एवं पूर्व सांसद सुधा यादव ने नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सतीश जैलदार के आवास पर उपस्थित जनों के समक्ष व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई है। जिनका फायदा नागरिकों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह को लेकर देश में दिवाली जैसा माहौल बन रहा है। देश का प्रत्येक नागरिक इस उत्सव में हिस्सा लेने को आतुर है।



कनीना। केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य सुधा यादव का स्वागत करते नगर पालिका अध्यक्ष सतीश जैलदार व अन्य।



## सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले की जयंती पर जनसभा का आयोजन

*नारनौल। सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले फाउंडेशन की ओर से भारत की प्रथम महिला अध्यापिका सावित्रीबाई फुले के 193वां जन्म दिवस पर जनसभा डा. भीमराव आंबेडकर भवन मालवीय नगर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुमित्रा देवी ने की। जनसभा का संचालन प्रेरणा कुमारी ने किया। जनसभा में उपस्थित लोगों को कामरेड सुभाष चंद्र एडवोकेट ने कहा कि शिक्षा मनुष्य का आमूलचूल परिवर्तन करती है। शिक्षा अंधविश्वास पाखंडवाद खत्म करती है। सावित्रीबाई फुले ने समाज में शिक्षा से बाल विवाह, जाति-धर्म को खत्म किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन लाना है। मुकेश कुमारी डालनवास ने कहा कि आज महिलाओं में जो जागृति आई है वह सावित्रीबाई फुले की देन है। सुरेन्द्र अंबेडकर ने कहा कि जाति-धर्म विमुक्त देश बनाने के लिए समाज के महापुरुषों की जयंती पर घर-घर प्रचार करना चाहिए।*

धर्म कर्म

कार्यक्रम का शुभारंभ जैन समाज के पूर्व प्रधान भगवानदास जैन को प्राप्त हुआ

# जैन समाज ने मनाया पारसनाथ भगवन का जन्म कल्याणक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जैन समाज की तरफ से श्री 1008 भगवन पारसनाथ व चंद्रप्रभ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव श्री 1008 भगवन पारसनाथ जैन मंदिर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ करने का सौभाग्य जैन समाज के पूर्व प्रधान भगवानदास जैन को प्राप्त हुआ। इसके पश्चात दीप प्रज्वलित करके का सौभाग्य सूरज जैन को प्राप्त हुआ। अभिषेक करने वालों का सुबह से ही ताता लगा रहा। प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य अरूण जैन को प्राप्त हुआ। पारसनाथ भगवन के जय कारे के साथ शांतिधारा का उच्चारण कपिल जैन ने किया। शांति धारा केशव जैन व विकाश जैन ने की। चंद्रप्रभ भगवान के जयकारे के साथ सुबह के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस बारे में गोपाल जैन ने बताया कि जैन धर्म शास्त्रों के अनुसार भगवान पार्श्वनाथ को तीर्थंकर बनने के लिए नौ जन्म लेने पड़े थे। पूर्व जन्म के पुण्य कर्म करने और तमाम तप-त्याग के पश्चात 10वें जन्म में वह तीर्थंकर बने। जैन पुराणों में उल्लेखित है कि भगवान पार्श्वनाथ पहले जन्म में मरुभूमि नामक ब्राह्मण बने, दूसरे जन्म में वज्रघोष नामक हाथी, तीसरे जन्म में स्वर्ग के देवता, चौथे जन्म में राजा रश्मिवेग, पांचवें जन्म में देव, छठे जन्म में चक्रवर्ती सम्राट वज्रनाभि, सातवें जन्म में देवता, आठवें जन्म में राजा आनंद, नौवें जन्म में देवराज इंद्र बने। इसके पश्चात दसवें जन्म में तीर्थंकर के रूप में जन्म लिया था। माना जाता है कि भगवान पार्श्वनाथ के जन्म से पूर्व मां वामा देवी ने गर्भकाल के दौरान स्वप्न में एक सर्प देखा था, इसलिए कहा जाता है कि इसी कारण पार्श्वनाथ का जन्म होने के बाद उनके शरीर पर सर्प के चिह्न अंकित थे। गौरतलब है कि भगवान पार्श्वनाथ 30 वर्ष की आयु में एक दिन राजसभा में ऋषभदेव चरित सुनकर वैराग्य हो गया और घर-संसार त्याग कर संन्यासी बन गए थे। कहते हैं कि भगवान पार्श्वनाथ ने पौष माह कृष्ण पक्ष की एकादशी को काशी में दीक्षा प्राप्त करने के पश्चात खीर खाकर व्रत का पारण किया था। उन्होंने बताया कि 84 दिन तक कठोर तपस्या के बाद चैत्र मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को काशी स्थित घातकी वृक्ष के नीचे कैवल्य ज्ञान को प्राप्त किया। भगवान पार्श्वनाथ का निर्वाण पारसनाथ पहाड़ पर हुआ था। पार्श्वनाथ ने अहिंसा का दर्शन दिया। अहिंसा सबके जीने का अधिकार है, उन्होंने इसे प्रमाणित भी किया था। इस मौके पर भगवानदास जैन पूर्व प्रधान जैन समाज, गोपाल जैन, केशव जैन, दीपक जैन, विकास जैन, सचिन जैन, प्रमोद जैन, शुभम जैन, अरुण जैन, मोक्ष जैन, मनीष जैन, धर्मेंद्र जैन, नवीन जैन, मोनिका जैन, उषा जैन, राजरानी जैन, सरला जैन, पलक जैन के अलावा जैन समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।



- भगवान पार्श्वनाथ ने एकादशी को काशी में दीक्षा प्राप्त करने के पश्चात खीर खाकर व्रत का पारण किया

## खबर संक्षेप

### कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

**नारनौल।** जिले में दो सप्ताह से हाड़कंपा देने वाली ठंड का सितम देखने को मिल रहा है। जिसकी वजह से दिन के तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है। जिससे कोल्ड डे व गंभीर कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर पिछले दो सप्ताह से कड़ाके की ठंड अपने तीखे तेवरों से आगाज किए हुए हैं।

### कारोली में दो दिवसीय वॉलीबाल स्पर्धा कल से

**नारनौल।** गांव कारोली में ग्रामवासियों की तरफ से दो दिवसीय बाबा बुद्धनाथ भारतीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 9 जनवरी को किया जाएगा, जिसमें अनेक राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार व द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपये रखा गया है तथा विजेता व उपविजेता को ट्राफी के साथ दिए जाएंगे।



### आजाद चौक में फूंका ममता बनर्जी का पतुला

**नारनौल।** 24 परगना जिला पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन घोटाले की जांच के लिए बीते दिवस ईडी के अधिकारियों पर तृणमूल कांग्रेस द्वारा किया गया कातिलाना हमला साबित करता है कि पश्चिम बंगाल में जंगल राज है। टीएमसी के प्रशिक्षित गुंडे, जिन्हें पश्चिम बंगाल की तानाशाह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का संपूर्ण आशीर्वाद है, ईडी अधिकारियों पर इस तरह का कातिलाना हमला लोकतंत्र का अपमान है।

### बिजली सप्लाई पर कांग्रेस ने जताया रोष

**नांगल चौधरी।** सरकार के निर्देशों पर एग्रीकल्चर फीडर को रात में बिजली सप्लाई होती है। कड़कती सर्दी में किसानों को फसलों की सिंचाई करने में कठिनाई हो रही है। जिस पर कांग्रेस कार्यकर्तओं ने प्रत्याशी रहे राजाराम गोलवा की अगुवाई में रोष जताया। उन्होंने बिजली निगम को तीन में शेड्यूल बदलने का अल्टीमेटम दिया है।

# मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण में अनुपस्थित एवं लेट आने वाले अधिकारियों और कर्मियों पर होगी कार्रवाई, प्रशिक्षण के लिए लेट आने वालों को नहीं मिलेगी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे मिशन कर्मयोगी हरियाणा प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित व लेट आने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों की हाजिरी उच्च अधिकारियों को भेज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी देते हुए मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डीएस यादव ने बताया कि सोमवार से जो भी अधिकारी व कर्मचारी इस प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहेगा, उनकी रिपोर्ट बनाकर उपायुक्त कार्यालय व मुख्य सचिव कार्यालय चंडीगढ़ के साथ-साथ उनके विभाग के अध्यक्षों व हरियाणा सार्वजनिक प्रशासन संस्थान गुरुग्राम को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से संचालित मिशन कर्मयोगी अनिवार्य ट्रेनिंग में गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के संदर्भ में उक्त एक्शन प्लान सोमवार से शुरू होगा तथा जो अधिकारी व कर्मचारी पांच व छह जनवरी को आयोजित प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे।



डीएस यादव

### 9:15 बजे के बाद ट्रेनिंग स्थल में नहीं मिलेगी एंट्री

कर्मयोगी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डीएस यादव ने बताया कि उक्त ट्रेनिंग के पांच व छह जनवरी को दो बैच संपन्न हो चुके हैं। प्रत्येक बैच में 35 अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण में हिस्सा लेना था, लेकिन दोनों बैचों में करीब 20 अधिकारी व कर्मचारी प्रशिक्षण के लिए उपस्थित ही नहीं हुए तथा कुछ कर्मचारी प्रशिक्षण शुरू होने के काफी देर बाद पहुंचे। लेट आने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों से निपटने के लिए के लिए सोमवार से नई व्यवस्था शुरू की जाएगी। जिसके तहत सुबह 9:15 के बाद ट्रेनिंग स्थल का मेन गेट बंद कर दिया जाएगा तथा लेट आने वाले किसी अधिकारी व कर्मचारी को ट्रेनिंग स्थल पर एंट्री नहीं मिलेगी, जो अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित रहेंगे उनकी सूची बनाकर उच्च अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी जाएगी।

### बिजली निगम के अधिकरियों से किया अनुरोध

डीएस यादव ने बताया कि उक्त ट्रेनिंग स्थल पर प्रशिक्षण लेने वालों में ज्यादातर अधिकारी कर्मचारी दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम नारनौल के हैं। इसलिए नोडल अधिकारी डीएस यादव ने अधिकारियों व कर्मचारियों की सूची तिाा ट्रेनिंग का तिथि वार शेड्यूल हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता कार्यकारी अभियंता व जिले के सभी उपमंडल अधिकारियों को भेज कर यह अनुरोध किया है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को 16 जनवरी तक चलने वाली ट्रेनिंग में मौजूद होने के लिए निर्देश दें। उक्त प्रशिक्षण राज्य सरकार की ओर से जारी हिदायतों के मुताबिक सभी अधिकारी व कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार मिशन कर्मयोगी हरियाणा के तहत यह प्रशिक्षण आयोजित कर रही है, ताकि अधिकारियों व कर्मचारियों के कौशल में वृद्धि हो।

### तीस प्रतिशत अधिकारी कर्मचारी रहे गैर हाजिर

डीएस यादव ने बताया कि दोनों बैचों के अधिकारियों व कर्मचारियों को एक दिन पहले ही मोबाइल के माध्यम से सूचित कर दिया गया था, लेकिन इसके के बावजूद भी करीब 30 प्रतिशत अधिकारी व कर्मचारी प्रशिक्षण में हाजिर नहीं हुए तथा कुछ कर्मचारी प्रशिक्षण शुरू होने के काफी देर बाद पहुंचे, जिससे प्रशिक्षण देने में काफी विलंब व विघन हुआ। उन्होंने बताया कि मिशन कर्मयोगी हरियाणा के तहत 16 जनवरी तक तीस-तीस के बैचों में करीब 300 अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त संपूर्ण प्रशिक्षण ऑनलाइन एप के माध्यम से दिया जाएगा।

### व्यक्तिगत तौर पर हाजिर होना अनिवार्य

डीएस यादव ने बताया कि कुछ उच्च अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारी को प्रशिक्षण के लिए नामित कर रहे है, लेकिन उक्त प्रशिक्षण अधिकारी को चाहे वह किसी भी ग्रुप ए या बी का अधिकारी हो व्यक्तिगत तौर पर प्रशिक्षण में उपस्थित होकर लेना होगा, क्योंकि ट्रेनिंग स्थल पर ऑनलाइन एप के माध्यम से असेसमेंट भी किया जाता है और सिस्टम से जनरेट हुए कोड के साथ ही वे लाइव सेशन में ऑनलाइन एप पर लॉगिन कर सकते हैं।

## नागरिकों ने वर्चुअल माध्यम से सुना मुख्यमंत्री मनोहर लाल को

# हैट्रिक लगाएगी मोदी-मनोहर की सरकार : नायब सिंह सैनी

स्थानीय सब्जी मंडी में रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने रविवार को महेंद्रगढ़ सब्जी मंडी में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में संबोधित करते हुए नागरिकों से आह्वान किया कि इस वर्ष होने वाले लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में केंद्र में नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश में मनोहर लाल की सरकार बनाकर हैट्रिक लगाने का कार्य करें।

इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा की अगुवाई में कार्यकताअरं ने अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, सदस्या केंद्रीय चुनाव समिति और पूर्व सांसद डॉ. सुधा यादव का ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल में पहुंचने से पहले सभी ने राव तुलाराम की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से दिखाया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस चुनावी वर्ष में 4 माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में 10 की 10 सीटों पर कमल का फूल खिलाना है।

इसके बाद विधानसभा चुनाव में भी फिर से कमल का फूल खिलाने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की तस्वीर बदली है। इसी प्रकार हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही सरकार गरीबों को ढूंढ-ढूंढ कर सरकार की योजनाओं का लाभ दे रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज्य में केंद्र से चलने वाला 100 रुपये आखिर तक 15 रुपये में बदल जाता था। आज केंद्र से चलने वाला 100 रुपये को मुख्यमंत्री मनोहर लाल 125 रुपये करके विकास करवा रहे हैं। केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्या व पूर्व सांसद डा. सुधा यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार ने इलाके को पिछले लगभग 9 वर्ष के कार्यकाल में पिछड़े से निकलकर अगड़े की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। आज प्रधानमंत्री के कारण पूरे विश्व में देश का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की जो नींव रखी है, उस पर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नई इमारत खड़ी करेंगे।



**महेंद्रगढ़।** मंच पर उपस्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी व रामबिलास शर्मा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व विधानसभा डिप्टी स्पीकर संतोष यादव तथा पूर्व मंत्री व कोसली के पूर्व विधायक विक्रम यादव, जिला प्रभारी अजय बंसल, पूर्व चेयरमैन गोविंद भारद्वाज, सतीश खोला, जिला परिषद प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, विद्यानंद लांबा, गौतम शर्मा, नवीन शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष भारती सैनी, सत्यव्रत शास्त्री, पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत यादव, राकेश शर्मा, शिवकुमार मेहता, जवाहर सैनी, सुरेंद्र पूनिया, जिला परिषद सदस्य देवेंद्र यादव, वच्चनाई नाथ व शमशेर यादव, ब्लॉक समिति अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, लख्मीचंद चौहान, सुगनचंद सैनी, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, वासुदेव यादव, नरेंद्र झिमरिया, अर्चना ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सैनी, विष्णु तंवर, सूरत सैनी, पवन खैरवाल, नोरंग सिंह तंवर, मंजू कौशिक, जेपी सैनी, सत्यवीर नौताना, अमित भारद्वाज, सरला यादव व सरोज शर्मा के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### ईब टांसरां पर फुकनी मारण की जरूरत कोनी

राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग का कल्याण किया है। उन्होंने कहा कि ईब ठांसरां पर फूंकनी मारण की जरूरत कोनी। प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला योजना से मुफ्त गैस कनेक्शन देकर गरीबों की आंखों की ओझल होती रोशनी को बचाने का काम किया है। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि 10 साल में देश व प्रदेश की तस्वीर व तकदीर बदली है। मोदी के नेतृत्व में देश में रामराज्य बनने जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि पिछले 9-10 वर्षों में हर वर्ग को फायदा हुआ है। सरकार ने किसान, मजदूर व व्यापारी सबको सुविधा देने का कार्य किया है। विधायक डॉ अभय सिंह यादव ने कहा कि हमें काम करने व काम नहीं करने वालों में फर्क करना पड़ेगा। सरकार ने जिला में कई ऐतिहासिक कार्य किए है। पहले विकास केवल एक दायरे तक सीमित रहता था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने समानुपातिक विकास करवाया है। विधायक सीताराम यादव ने कहा कि आने वाले चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीतियों का परिणाम है। जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने महेंद्रगढ़ की पावन धरा पर पहुंचने पर सभी का धन्यवाद किया।



### मॉडर्न स्कूल में अध्यापक-अभिभावक बैठक आयोजित

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न स्कूल भोजावास में रविवार को अभिभावक-अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक 287 अभिभावक पहुंचे। अभिभावकों ने अपने बच्चों की सभी गतिविधियों की अध्यापकों से जानकारी ली। अभिभावकों ने अपने बच्चों की पढ़ाई से संबंधित कुछ समस्याएं अध्यापकों के सामने रखी। इस दौरान संस्था निर्देशक राजकुमार यादव ने इस पीटीएम में आने वाले सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक का सहयोग भी बहुत जरूरी है। आपके द्वारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जो समस्याएं हमारे समक्ष रखी हैं, हम उन समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर संस्था की प्रबंधन समिति के सदस्य मनोज कुमार, संस्था प्राचार्य अनिल कुमार, वरिष्ठ अध्यापक राकेश कुमार, राम सिंह, योगेश कुमार, हेमंत कुमार आदि मौजूद रहे।




### कोरियावास विद्यालय में एनएसएस कैंप सम्पन्न

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोरियावास में आयोजित सात दिवसीय एनएनएस कैम्प रविवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएमसी प्रधान वीरेंद्र सिंह यादव व एसएमसी सदस्य ओमदत्त थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीडीओ संजय बड़ेसरा ने की। इस शिविर में बच्चों को साफ-सफाई व आपसी सद्भाव, भाईचारे की जानकारी दी गई। प्रवक्ता व पुस्तकालय प्रभारी संजय शर्मा ने बच्चों को किताबों के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किताबें व्यक्ति के जीवन में एक महत्वपूर्ण रोल अदा करती हैं। सभी बच्चों को पठन-पाठन की आदत डालनी चाहिए। संजय बडेसरा ने शिविर में किए जाने वाले कायारें का निरीक्षण किया। इस मौके पर कम्प्यूटर अध्यापक महेश कुमार, राजाराम आदि मौजूद थे।

# चंपा देवी देवी स्कूल के एनएसएस शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली

चंपा देवी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक मंडी अटेली में चल रहे एनएसएस के 7 दिवसीय शिविर का रविवार को समापन हो गया। सात दिवसीय शिविर में बेस्ट स्वयंसेविका 11वीं कक्षा की नवीता रही। समापन समारोह पर स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक, मेरा हरियाणा नृत्य, भ्रूण हत्या व शिक्षा पर अपनी प्रस्तुतियां पेश की।

- बेस्ट स्वयंसेविका बनी 11वीं कक्षा की नवीता

शिविर के दौरान बाबू कृष्ण कुमार शिविर में अपना विशेष सहयोग दिया। एनएसएस अधिकारी कविता ने बताया कि शिविर में स्वयं सेविकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं मुख्य थीम रहा। समापन समारोह पर 12 कक्षा की प्रीति ने 7 दिनों तक चले शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्वयं सेविका कल्पना, प्रियंका, अनिता, कनिष्का आदि ने कैंप व सांस्कृतिक समारोह में विशेष योगदान दिया। समापन समारोह में सभी स्वयं सेविकाओं को पुरस्कृत भी किया।

उन्होंने बताया कि पर्यावरण आदि सामाजिक मुद्दों पर शिविर में जागरूक किया गया। स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गई। शिविर में 50 स्वयं सेविकाओं ने हिस्सा लिया। शिविर में जागरूकता रैली विभिन्न रास्तों से गुजर कर जिसमें स्वच्छता के प्रति नारे भी लगाए। शिविर में बच्चों में समाज के प्रति उतरदायित्व के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर कामर्स प्रवक्ता दलीप कुमार, बाबू कृष्ण कुमार, इतिहास के प्रवक्ता दिनेश कुमार, अर्थशास्त्र प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ने भी अपना संबोधन दिया।




मंडी अटेली। स्वयंसेविकाओं को पुरस्कृत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्थापना दिवस समारोह 14 को

- ग्रामीणों ने गांवों में पहुंचने पर राव का फूलमाला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्थापना दिवस समारोह का आयोजन मकर संक्रांति पर सुबह दस बजे नई अनाज मंडी चरखी दादरी में किया जाएगा, जिसमें मुख्यातिथि प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ एवं पूर्व राज्यपाल सत्यपाल सिंह मलिक एवं अध्यक्षता सूरजगढ़ के विधायक श्रवण कुमार शिरकत करेंगे।

पूर्व विधायक एवं यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के साथ-साथ हल्का कोसली एवं सूरजगढ़ राजस्थान क्षेत्र के सभी गांवों में स्वयं पहुंचकर निमंत्रण दे चुके हैं। रविवार को उन्होंने झज्जर हल्के के धनिया, साल्हावास ढाणी, साल्हावास, झांसवा, धनीरवास, ढाणी, अंबोली, भूरावास, नीलाहेड़ी, लड़ायन, जमालपुर, हुमायूंपुर, बिरड़, मुंडाहेड़ा, कोन्हावाली, चांदोला, ढाकला, बिठला, जटवाड़ा, सुबाना, बोबेपुर, गिरधरपुर, मुबारकपुर, तुंबाहेड़ी तथा धारौली गांवों में पहुंचकर विशिष्ट व्यक्तियों को कंबल व शाल भेंटकर सम्मानित किया एवं यदुवंशी स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया। सभी ग्रामीणों ने गांवों में पहुंचने पर राव का फूलमाला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। राव ने कहा कि शिक्षा ही सर्वोत्तम विकास का मूल मंत्र है और इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने अपना अधिकांश समय शिक्षा के लिए समर्पित किया है। आज दक्षिणी हरियाणा के चहुंमुखी विकास में शिक्षित विद्यार्थियों की भागीदारी रही है। अतः यदुवंशी की स्थापना दिवस पर आप चरखी दादरी पधारें एवं कार्यक्रम को यादगार बनाएं। इस अवसर पर कंवर सिंह चेयरमैन, सत्यवीर झूकिया, जिला पार्षद पूनम देवी, पूर्व जिला पार्षद ढिल्लू, जीवन राम, टिल्लू सरपंच, बबीता, भारती, थान सिंह, रघुनाथ सिंह, पूर्व सरपंच धर्मेंद्र व राजवीर सरपंच सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह।

## अहीर रेजिमेंट की स्थापना के लिए योद्धा हैं तैयार

# अहीर रेजिमेंट को लेकर बसई में हुई महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट को लेकर गांव बसई में रविवार को एक महापंचायत आयोजित की गई, जिसमें मुख्यवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अहीर रेजिमेंट को स्थापना करवाने के लिए बड़े से बड़े आंदोलन के लिए अहीर योद्धा तैयार है। आज हिंदुस्तान के इतिहास को उठाकर देखा जाए तो 1962 का युद्ध, 1971 का हो या कारगिल का युद्ध हों इसमें अहीर योद्धाओं ने लड़ते हुए अपना बलिदान दिया है। आज हम सब संगठित होकर निर्णय लेते हैं कि जब तक भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट की स्थापना नहीं होगी, तब तक हम सब मिलकर आंदोलन करते रहेंगे। महापंचायत में निर्णय लिया कि 2024 का चुनाव निकट भविष्य में आने वाला हैं, अगर हम एक होकर अपनी मांग प्रधानमंत्री के समक्ष रखकर अहीर रेजिमेंट को बनवा सकते हैं। यादव सैनिकों ने विक्टोरिया क्रॉस वीरता पुरस्कार, शौर्य पुरस्कार ना जाने कितने पुरस्कार सबसे ज्यादा लिए हैं, लेकिन अहीर रेजिमेंट की मांग को पूरा नहीं किया गया है। महापंचायत में राव कुलबीर सिंह बोहरा, बलवान फौजी, वेदप्रकाश आर्य, धर्मपाल, पूर्व कर्नल घीसाराम, कैप्टन अशोक कुमार, पूर्व कप्तान जगमाल सिंह आदि ने मांग कि हम सब मिलकर इस मांग को पूरे जोर-शोर से उठाएंगे और भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट की स्थापना करवा कर ही दम लेंगे। ताकि अहीर जाति के लोगों को सम्मान मिल सके। भारतीय सेना में जाट रेजिमेंट, सिख रेजिमेंट, राजपूत रेजिमेंट, गोरखा रेजिमेंट व अन्य कितने रेजिमेंट स्थापित है, जबकि अहीर रेजिमेंट भारतीय सेना में स्थापित नहीं है। अहीर सैनिक भरपूर बलिदान देश के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि देने में सदैव आगे रहे है। अहीर रेजिमेंट स्थापना नहीं करना अहीर सैनिकों के साथ व उनके अधिकारों का हनन करना है। इस महापंचायत में मुख्य वक्ताओं ने कहा कि हम सब मिलकर संगठित होकर चाहे हमें अपनी जान की बाजी लगानी पड़े, हम अहीर रेजिमेंट की स्थापना करवाकर रहेंगे।





**महेंद्रगढ़।** महापंचायत को संबोधित करते राव कुलबीर सिंह बोहरा व उपस्थित पूर्व सैनिक। *फोटो : हरिभूमि*

# अटेली में कोचिंग सेंटर खोलना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने रविवार को अटेली विधानसभा के गांव सुराणी, सराय, सागरपुर, ढाणी गुजरवास, रातां, बौचड़िया, सैदपुर व नांगल में घर-घर कांग्रेस अभियान के तहत जनसंपर्क किया, जिसमें बुजुगारंे के साथ-साथ युवाओं का भी भारी समर्थन देखने को मिला। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि आज हरियाणा प्रदेश विकास की पटरी से उतर कर देश में विकास के मामले में 17वें स्थान पर पहुंच गया है। हमारे समय में हरियाणा प्रदेश रोजगार व प्रति व्यक्ति निवेश के मामले में नम्बर एक पर था। आज वही प्रदेश महंगाई व बेरोजगारी में देश में नंबर एक पर है। सरकारी रोजगार को समाप्त कर उन्हें कच्चे में बदला जा रहा है और आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। एकतरफ प्रदेश में तकरीबन दो लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। मौजूदा सरकार कौशल निगम के जरिये बैक डोर से आरक्षण को खत्म करने पर तुली है, जिससे सबसे ज्यादा पिछड़े वर्ग का हक मारा जा रहा है। सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश के युवा रोजगार की तलाश में पलायन करने पर मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर न केवल इन खाली पदों को भरा जाएगा, बल्कि अटेली में सीकर, कोटा व मुखर्जी नगर दिल्ली की तर्ज पर कोचिंग सेंटर खोले जाएंगे, ताकि साधारण से साधारण परिवार का बच्चा भी अच्छी शिक्षा हासिल कर सके और अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सके।



**मंडी अटेली।** गांव सागरपुर में लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### परिवार की खुशहाली के लिए लगाई सवामणी

**महेंद्रगढ़।** श्री गोशाला धोलपोश आश्रम में रविवार को दो सवामणी आयोजित की गई। सुरेश कुमार कौशिक आरा मशीन वाले व रमेश कुमार यादव ने अपने परिजनों के साथ परिवार की सुख शांति के लिए सवामणी का आयोजन कर गायों को चाट खिलाई। गोशाला धोलपोश प्रधान रविंद्र तिवाड़ी ने कहा की गो-सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

### श्रीगौड़ परिषद की वार्षिक बठक 14 को

**नांगल चौधरी।** भगवान परशुराम भवन में 14 जनवरी को श्रीगौड़ परिषद की वार्षिक बैठक का आयोजन होगा। जिसमें समाज की विभिन्न समस्याओं पर मंथन करके समाधान की रूपरेखा बनाई जाएगी। परिषद के प्रवक्ता अंजनी शास्त्री ने बताया कि मिटिंग में भगवान परशुराम भवन में सुविधाएं बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके बाद कमेटी के प्रधान वार्षिक लेखाजोखा प्रस्तुत करेंगे।

### ट्रॉली चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**नारनौल।** ट्रॉली चोरी के मामले में थाना अटेली पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अक्षय व मुनीम वासी रामचंद्रपुरा थाना मांढण अलवर के रूप में हुई। आरोपितों से पूछताछ कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में पुलिस ने दो आरोपित धमेंद्र व संदीप को पहले गिरफ्तार कर लिया था।

### मंडल डायरेक्टर से मिलेंगे मिड-डे-मील वकर्स

**नारनौल।** मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी की राज्य इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल 11 जनवरी को डायरेक्टर मौलिक शिक्षा से मुलाकात करेगा। मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन की राज्य प्रधान, महासचिव ने बताया कि यूनियन की मांग है कि कुक को मुफ्त चिरायु योजना का लाभ मिले।

# जनवरी माह में राशन से वंचित नहीं रहेंगे कार्डधारक

### गेंहू का स्टॉक खत्म होने पर मिलेगा बाजरा

- पिछले कई माह डिपो होल्डर को मिल रहा था कम राशन, राशन नहीं मिलने की शिकायतों को देखते हुए लिया गया है निर्णय

**महेश कुमार ▶▶| महेंद्रगढ़**

प्रदेश के राशन कार्डधारकों को जनवरी माह में राशन वंचित नहीं रहना पड़ेगा। अगर डिपो होल्डर के पास गेंहू का स्टॉक कम पड़ जाता है तो उसकी बाजरा वितरित किया जाएगा। प्रदेश सरकार बाजरे के अतिरिक्त आबंटन से राशन में कट की पूर्ति करेगी, ताकि कोई भी कार्ड धारक राशन से वंचित नहीं रह सके। सरकार ने पिछले कई माह से डिपो होल्डर की ओर से आ रही कम राशन मिलने की शिकायतों को देखते हुए उसकी पूर्ति के लिए बाजरे का अतिरिक्त आवंटन करने का फैसला लिया है। सरकार की ओर से जनवरी माह में 340001 क्विंटल से बढ़ाकर 585444 क्विंटल बाजरा डिपो होल्डर के पास भेजने का निर्णय लिया हैं। इसको लेकर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने प्रदेश के सभी डीएफएससी को आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि पिछले सितंबर माह से डिपो होल्डर के पास कम राशन पहुंच रहा था। ऐसे में काफी परिवार प्रत्येक माह राशन से वंचित हो रहे थे। वहीं डिपो होल्डर को भी राशन वितरित करने में काफी परेशानी उठानी पड़ रहीं थी। डिपो होल्डर की ओर से यह मुद्दा विभाग के उच्च अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन के माध्यम से अवगत करा चुके हैं। डिपो होल्ड़र की मानें तो पिछले कुछ माह में उनके पास करीब 20 प्रतिशत कम राशन पहुंच रहा था। इसी को देखते हुए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने जनवरी 2024 का संशोधित आवंटन जारी किया है।

### प्रदेशभर में जनवरी माह में 340001 क्विंटल की जगह 585444 क्विंटल बाजरा होगा वितरित

#### इस तरह वितरित होगा राशन

आवंटन को लेकर विभाग ने आनलाइन व्यवस्था की है। जिसमें डिपो पर पहले आने वाले लाभार्थियों को एएवाई को 17 किलोग्राम बाजरा व 18 किलोग्राम गेहूं दिया जाएगा। जबकि बीपीएल परिवार को प्रति व्यक्ति 2.5 किलोग्राम गेहूं व 2.5 किलोग्राम बाजरे का स्केल निर्धारित किया है। गेहूं समाप्त होने की स्थिति में एएवाई को 35 किलोग्राम बाजरा व बीपीएल को 5 किलोग्राम बाजरा प्रति व्यक्ति मिलेगा। ऐसे में सभी लाभार्थियों को राशन वितरण सुनिश्चित होगा।

| जिला | कुल बाजरा | कुल कार्ड |
|---|---|---|
| अंबाला | 23928.94 | 186277 |
| भिवानी | 28207.74 | 220191 |
| दादरी | 11073.96 | 87069 |
| फरीदाबाद | 40369.03 | 321116 |
| फतेहाबाद | 24393.67 | 186437 |
| गुरुग्राम | 21707.36 | 180951 |
| हिसार | 41512.29 | 325539 |
| झज्जर | 18344.24 | 146366 |
| जींद | 30801.42 | 288120 |
| कैथल | 25758.99 | 194866 |
| करनाल | 34225.99 | 264970 |
| कुरूक्षेत्र | 22587.93 | 172883 |
| महेंद्रगढ़ | 20637.36 | 159238 |
| मेवात | 40032.02 | 236405 |
| पलवल | 29097.36 | 208281 |
| पंचकुला | 10302.42 | 76076 |
| पानीपत | 29975.28 | 224384 |
| रेवाड़ी | 18357.14 | 147066 |
| रोहतक | 21392.52 | 168727 |
| सिरसा | 32599.52 | 255847 |
| सोनीपत | 30049.07 | 234788 |
| यमुनानगर | 30091.58 | 228734 |
| **कुल** | **585444.94** | **4455037** |

### गांव कोरियावास में बनाया जा रहा है जिले का पहला मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल

# कोरियावास मेडिकल कॉलेज से नहरी पंप हाउस तक दबेगी पाइप लाइन

### मेडिकल कॉलेज परिसर में कच्चा नहरी पानी पहुंचाया जाएगा

**राजकुमार ▶▶| नारनौल**


नारनौल। कोरियावास में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज। *फोटो : हरिभूमि*

कोरियावास में बनाया जा रहे सरकारी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में पेयजल आपूर्ति के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग नारनौल स्थित एनडी-2 पंप हाउस से मेडिकल कॉलेज तक पाइप लाइन दबाएगा। इसके जरिए मेडिकल कॉलेज परिसर में कच्चा नहरी पानी पहुंचाया जाएगा, जिसके लिए नहर विभाग ने चिकित्सा महाविद्यालय तक नहरी पानी आधारित पाइप लाइन का टेंडर आमंत्रित किया है। इसकी अनुमानित लागत करीब 736.5 लाख रुपये आएगी तथा इच्छुक आवेदकों यानि ठेकेदार को 11 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बाद में जिस भी ठेका कंपनी या एजेंसी के नाम यह टेंडर अलॉट होगा, उसे एनडी-2 पंप हाउस से मेडिकल कॉलेज तक वाटर टैंक तक पाइप लाइन दबाकर देनी होगी। यह पाइप लाइन दबाने के बाद मेडिकल कॉलेज में पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। नहर विभाग जहां पानी पहुंचाएगा, वहीं जनस्वास्थ्य विभाग पेयजलापूर्ति करेगा। इससे मेडिकल कॉलेज की प्रगति में एक और कदम आगे उठा है।

उल्लेखनीय है कि नारनौल से महज पांच किलोमीटर दूर नांगल चौधरी विधानसभा के गांव कोरियावास में सरकारी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। यह मेडिकल कॉलेज करीब 700 बैड का होगा तथा इसे इसी साल से संचालित करने की योजना है। यह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण लगभग पूर्णतया की ओर बढ़ रहा है। भवन निर्माण समेत अन्य कुछ आवश्यक कार्य बचे हुए हैं, जो आने वाले दिनों में पूरे कर लिए जाने की उम्मीद है। यह मेडिकल कॉलेज जिला महेंद्रगढ़ का पहला मेडिकल कॉलेज होगा। इस कॉलेज के शुरू होने पर इलाके की स्वास्थ्य क्षेत्र में कायाकल्प होने की उम्मीद है। यहां पर न केवल सामान्य बीमारियों, अपितु जटिल असाध्य रोगों का उपचार भी संभव हो सकेगा।

#### यह कहते हैं अधिकारी

नहर विभाग के कार्यकारी अभियंता नितिन भार्गव ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में नहरी पानी पहुंचाने के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। लाइन दबाने व दो अन्य कायार्ें की अनुमानित राशि 736.50 लाख रुपये (विद जीएसटी) निर्धारित की गई है। इच्छुक लोग वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

#### जनस्वास्थ्य विभाग करेगा पेयजलापूर्ति

सरकारी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज परिसर में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जनस्वास्थ्य विभाग यहां पर एक एमएलडी यानि दस लाख लीटर के एक बड़े वाटर टैंक का निर्माण करवा रहा है। इस बड़े वाटर टैंक में नहर का कच्चा पानी स्टोरेज किया जाएगा। जनस्वास्थ्य विभाग यहीं पर एक डब्ल्यूटीपी यानि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी करा रहा है। इसके अलावा दो स्टोरेज शेडीनेशन वाटर टैकों का भी निर्माण करवा रहा है।

#### नहरों पर निर्भर रहेगी पेयजल योजनाएं

जिला महेंद्रगढ़ में भूमिगत जल रसातल में चले जाने के कारण केंद्रीय भू-जल बोर्ड की ओर से इसे सूखाग्रस्त इलाका यानि डार्क जोन घोषित किया जा चुका है। इस कारण यह इलाका यानि पूरा जिला महेंद्रगढ़ ही नहरी पानी पर निर्भर करता है। यहां पर नहरी पानी आधारित पेयजल योजनाओं के जरिए ही आमलोगों को पीने का पानी आपूर्ति किया जाता है। इसी कारण मेडिकल कॉलेज को भी नहरी पानी आधारित परियोजनाओं से जोड़ा जा रहा है।


नारनौल। सब अर्बन एसडीओ बिजली निगम कार्यालय परिसर में बैठक करते कर्मचारी।

# मांगों को लेकर बिजली अनुबंधित कर्मचारियों ने की नारेबाजी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

बिजली निगम के सिंघाना रोड स्थित एसडीओ सबअर्बन ऑफिस प्रांगण में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान आशीष गोरा ने की। इस मौके पर सर्वसम्मति से डिविजन स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया। मंच का संचालन जिला सचिव कर्मवीर जाखड़ ने किया।इस बैठक में मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ से प्रांत मंत्री और ठेका प्रभारी देवीलाल गुराणा ने संगठन के बारे में बताया और कहा कि संगठन कच्चे कर्मचारियों के लिए 58 साल रोजगार सुरक्षित एवं सम्मानजनक वेतन की मांग करता आ रहा है। इसके लिए सभी कर्मचारी फील्ड में उतर कर संगठन को मजबूत करें और डोर टू डोर सभी सेंटर पर साथियों से मिलें। संगठन को मजबूत करने का काम करें। जल्दी ही सर्किल लेवल पर गेम शुरू होने जा रहे हैं। इसमें कच्चे कर्मचारी ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लें। उन्होंने बताया कि हिसार जोन में 2 फरवरी से 4 फरवरी तक गेम चलेंगे और सभी कच्चे कर्मचारी इनमें भाग लेने पहुंचे। इस अवसर पर अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा से प्रदेश कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, कार्यालय सचिव नरेंद्र यादव, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष विकास बेनीवाल, कार्यकारिणी सदस्य लोकेश भ्यान, जिला जींद संगठनकर्ता योगेश शर्मा, महेंद्रगढ़ डिविजन अध्यक्ष बलवीर यादव, प्रेस सचिव सूरज कौशिक, चिंतामणि, अशोक एवं प्रवीण ने अपने सुझाव दिए। सभी साथियों ने अपनी समस्या को संगठन के पदाधिकारियों के सम्मुख दर्ज करवाई और भविष्य में संगठन की मजबूती को लेकर अपने सुझाव दिए। जिला अध्यक्ष आशीष गोरा ने बताया कि समय रहते सरकार अनुबंधित विद्युत कर्मचारियों का 3 साल से वेतन बढ़ोतरी न होने, 58 साल का रोजगार सुरक्षित, सम्मानजनक वेतन व अलग से सेवा नियम की पॉलिसी बनाने की मांग की गई।

